## संक्षिप्त खबरें

### व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया



दानापुर। दानापुर नगर के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में आने वाले मामले के निष्पादन के लिए 6 पीठ का गठन किया गया। लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजनीश रंजन व श्रीप्रकाश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पंकज पांडेय, मुसिफ आशुतोष रवी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रिय कुमारी व कंचन प्रभा ने अहम भुमिका निभायी। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 173 मामलों का निष्पादन किया गया। जिसमे विधुत चोरी के कुल 89 मामले का निष्पादन पीठ संख्या एक और दो में किया गया। जिसमें 5,94,300/- रुपए कंपाउडिंग राशि की वसुली बिजली विभाग द्वारा की गयी। शमनीय फौजदारी के 82 मापतौल के एक तथा 138 एनआई एक्ट के एक मामला का निष्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त बैंक ऋण के 374 मामलों का निष्पादन समझौता के आधार पर किया गया जिसमे कुल 02,55,33,988 / रूपए समझौता राशि के रूप में वसूली गयी। बीएसएनएल के 13 मामले का भी निष्पादन किया गया। जिसमें 17,223 रुपए की वसुली की गयी।

### रेलवे एक्ट के तहत 30 गिरफ्तार

फतुहा। शनिवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि महिला कोच से 19, आरक्षित कोच से 10 और अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करते हुए एक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए सभी को पटना रेलवे कोर्ट भेजा गया, जहां फाइन देने के बाद लोगों को छोड़ा गया।

### तेज आवाज में बज रहे डीजे को पुलिस ने किया जब्त

दानापुर। नगर के खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुलुस के दौरान तेज आवाज में बजाये जा रहे डीजे के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई किया। खगौल पुलिस ने एक डीजे को जप्त किया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि महाशिवरात्रि पर डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। महाशिवरात्रि के जुलुस में डीजे बजाया गया। तेज आवाज में बजने वाले एक डीजे को जप्त किया गया। उन्होने बताया कि इस संबंध में अनुमंडलाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। अनुमंडलाधिकारी के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज को हमेशा ही कांग्रेस ने ठगने का काम किया: जीवन कुमार

पालीगंज जवाहरलाल नेहरु के समय से ही पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने से रोकने का षड्यंत्र रचा गया। कांग्रेस पर यह कथित आरोप शनिवार को भाजपा एमएलसी जीवन कुमार ने लगाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पालीगंज दौरे के दौरान सभा को संबोधित करते हुए जीवन कुमार ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज की तरक्की, सम्मान और आरक्षण के राह में रोड़े अटकाने का आरोप कांग्रेस के शासनकाल पर जीवन ने कहा कि जब देश आजाद हुआ उसी दौर में पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु ने उसे लागू नहीं होने दिया। भाजपा को पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए जीवन कुमार ने कहा कि हमेशा ही सम्मान देने का काम बीजेपी ने किया।

### लहेरियासराय तथा गढ़हरा स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा लहेरियासराय, भगवानपुर तथा गढ़हरा स्टेशनों पर 01-01 जोड़ी ट्रेनों का प्रायोगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी सं. 15553/15554 भागलपुर-जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस का लहेरियासराय स्टेशन पर ठहराव - 10 मार्च से गाड़ी सं. 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस लहेरियासराय स्टेशन 13.28 बजे पहुंचकर 13.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 15554 जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस लहेरियासराय स्टेशन 21.53 बजे पहुंचकर 21.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 2.गाड़ी सं. 15527/15528 जयनगर-पटना-जयनगर कमला गंगा एक्सप्रेस का गढ़हरा स्टेशन पर ठहराव - 10 मार्च से गाड़ी सं. 15527 जयनगर-पटना कमला गंगा एक्सप्रेस गढ़हरा स्टेशन 08.25 बजे पहुंचकर 08.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा गाड़ी सं. 15528 पटना-जयनगर कमला गंगा एक्सप्रेस गढ़हरा स्टेशन 20.47 बजे पहुंचकर 20.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# शिव बारात में शामिल झांकियों, कीर्तन में मंडली, आर्केस्ट्रा के कलाकारों को किया गया सम्मानित

## विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा अपनी सभ्यता, संस्कृति व अनुशासन को बनाए रखें

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा समिति की ओर से महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की बारात निकाली गई थी। इसमें शामिल आकर्षक एवं मनोरम झांकियों, बैंड बाजा, आर्केस्ट्रा भजन तथा कीर्तन मंडलियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक व बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साह, महापौर सीता साहू एवं वार्ड पार्षद किरण मेहता ने पुरस्कृत किया। संयोजक राजेश साह ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न बैंड बाजा, कीर्तन मंडली व झांकियां को पुरस्कार दिया गया। सम्मानित होने वालों में जय भारत बैंड के महेश प्रसाद, सरगम म्यूजिकल ग्रुप के मनोज मेहता, सुपर ताज बैंड के गोल्डन कुमार आकाश, म्यूजिकल ग्रुप के अनिल मेहता, श्री मोहन बैंड के मोहन प्रसाद, हैप्पी भजन मंडली के दीपक कुमार, शहनाई वादक मोहम्मद इमरान, मूसा बैंड के मो फैयाज, आकर्षक झांकियां के लिए राधा कृष्ण नृत्य एवं अघोरी दल के लिए रोशन कुमार, सिमली के पंकज कुमार, जमुनापुर के कल्लू कुमार, शरीफागंज के रुपेश कुमार, नुरुद्दीनगंज के अजय शर्मा, भरतपुर सिमली के टुनटुन प्रसाद, भगवा दल के जिम्मी सिन्हा एवं गुड्डू कुमार, छोटी पटनदेवी के पवन कुमार, बजरंग दल के अजय कुमार, मंगल तालाब के रोशन कुमार, सपना कुमारी, चौकशिकारपुर के आर्यन कुमार, नाला पर के शुभम कुमार, सिटी स्कूल के गोविंद कुमार, खंगर पर के सौरभ शर्मा और जादू कला के लिए किला रोड के राजा कुमार, सन्नी कुमार, चौकशिकारपुर के प्रिंस राज के साथ गाड़ीवान टोला के महिला कीर्तन मंडली को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों का स्वागत गौरी शंकर मंदिर के सचिव विश्वनाथ प्रसाद, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, दिलीप गुप्ता और मंच का संचालन चुन्नू चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में प्रभाकर मिश्रा, दिलीप चौधरी, जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, हरेंद्र यादव, मनोज वर्मा, विनय केसरी, लल्लू शर्मा, राजू चंद्रवंशी, टिंकू राउत, सुरेश सिंह पटेल, शाह कमल कृष्णा, उदय यादव, पंकज गुप्ता, राजेश यादव, उदय कुमार, अजय कुमार, दिलीप गुप्ता आदि सक्रिय थे। महाशिवरात्रि पर मालसलामी सिमली के प्राचीन शिव मंदिर से विशाल शोभायात्रा (शिव बारात) निकली गई थी, जो अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते हुए गायघाट श्री गौरी शंकर मंदिर तक गया था।

# एसडीओ व एएसपी ने किया मतदान केंद्रों का सत्यापन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में 344 मतदान केंद्र हैं। डीम शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर करीब दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण एसडीओ गुंजन सिंह और एएसपी शरथ आरएस ने शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर रैंप, पीने का पानी, शौचालय, बिजली की उपलब्धता, साइनेज, हेल्प डेस्क सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। जिन मतदान केंद्रों पर इसमें कमियां पाई गईं, उसे दूर करने के लिए भी निर्देशित किया गया। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। यह निरीक्षण उसी की कड़ी है। एसडीओ ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपना वोट का इस्तेमाल करें, इसके लिए जनजागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके लिए पटना नगर निगम, स्कूल -कालेज, स्वयंसेवी संगठन, कलाकारों एवं अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा।

# लोक अदालत में 641 मामलों का किया गया निष्पादन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 641 मामलों का निबटारा किया गया। साथ ही एक करोड़ 68 लाख 7,030 रुपए पर समझौता भी हुआ। लोक अदालत ने 59 लाख 57 हजार 830 रुपया रिकवर किया गया।

लोक अदालत में बीएसएनएल रिकवरी से संबंधित 283, इलेक्ट्रिसिटी से संबंधित 32 और बीएसएनएल से संबंधित 40 मामलों का निबटारा किया गया। सबसे अधिक 107 मामलों का निबटारा एसीजेएम वन मनीष कुमार जायसवाल के बेंच में हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए छह बेंच का गठन किया गया था। बेंच में एडीजे प्रथम विद्या प्रसाद, एसीजेएम वन मनीष कुमार जायसवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रतिमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुनीता कुमारी, सौम्या शेखर पीठासीन पदाधिकारी के रूप में मौजूद थे। लोक अदालत को सफल बनाने में लोक अदालत के कर्मचारी संतोष कुमार, नाजीर राजीव कुमार, जीआर प्रभारी धीरज कुमार सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान कुछ अधिवक्ता भी सक्रिय दिखे।

# एनएमसीएच में डॉ. अलका ने अधीक्षक का पदभार संभाला

## डॉ व कर्मी समय पालन करें, आउटडोर, इमरजेंसी को दुरुस्त कर मरीज हित में काम को वरीयता दे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिशु रोग विभाग की प्राध्यापक डॉक्टर अलका सिंह ने अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अधीक्षक के पद पर रहे डॉ राजीव रंजन से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी भी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद जब डॉ अलका सिंह से उनकी प्राथमिकता के संबंध में पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगी कि चिकित्सक की उपस्थिति समय से हो। सामान्य आउटडोर बेहतर ढंग से चले। मरीजों को अधिकतर दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। कर्मचारीगण भी दायित्वों का निर्बाह ढंग से करें। जितनी भी नर्सिंग स्टाफ हैं, वे सब समय का अनुपालन करें और समय से आएं और रिलीवर के आने के बाद जाएं। नर्सिंग स्टाफ बीजों की बेहतर ढंग से सेव करें। हालांकि यह सब सुनिश्चित करने के लिए वह आउटडोर और इमरजेंसी का औचक निरीक्षण भी किया करेंगी। साथ ही कर्मचारियों के बीच भी कार्य संस्कृति पैदा करने और फाइल दबाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। मरीज का सही से इलाज हो, उन्हें अधिकतम दवा अस्पताल से उपलब्ध हो, डायट सही ढंग से मिले। वार्ड से लेकर आउटडोर, इमरजेंसी, शौचालय और परिसर में सफाई की बेहतर व्यवस्था हो, यह भी वह सुनिश्चित कराएंगी। विभागों को कैसे बेहतर ढंग से मेंटेन किया जाए, इस पर भी ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न विभागों में संसाधन की कमियों से लेकर दवाओं के बारे में भी जानकारी ली जाएगी और उसे ससमय पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। डॉ अलका सिंह के अधीक्षक का प्रभार लिए जाने के बाद अनेक विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, सहायक प्राध्यापक, सीनियर रेजिडेंट से लेकर पीजी के छात्र आदि पहुंच कर उनसे मिले और बधाई देने का काम किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मानव अधिकार रक्षक ने आयोजित किया 'नारी शक्ति सम्मेलन'

प्रात :किरण संवाददाता



पटना (सासाराम)। प्राचीन काल से देश में महिलाओं को श्रद्धा के साथ देखा जाता है। वैदिक काल की विदुषी महिलाएं घोषा, लोपामुद्रा से लेकर रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होलकर, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, लता मंगेशकर... ने अलग अलग क्षेत्रों में अपना लोहा मनवाया है कि महिलाएं कही भी किसी से कम नहीं है। इसी दिशा में मानव अधिकार रक्षक आगे बढ़ कर काम कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानव अधिकार रक्षक सासाराम ने सासाराम के सागर क्षेत्र में लालागांज पर "नारी शक्ति सम्मेलन 2024" का आयोजन किया। कार्यक्रम में सासाराम की वैसी महिलाओं को सम्मानित किया जो किसी न किसी क्षेत्र में लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उक्त जानकारी मानव अधिकार रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में "मानव अधिकार रक्षक" रोहतास के सभी सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम के संबोधन में उपस्थित सदस्यों का परिचय के साथ मानव अधिकार रक्षक की कार्यशैली, संगठन में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। संबोधन में मानव अधिकार रक्षक के रोहतास जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए बताया गया कि रोहतास जिला में मानव अधिकार रक्षक के मिशन को जिस ऊंचाई तक पहुंचाया है वह अविस्मरणीय है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में वृहस्पतिवार को सासाराम की लगभग 30 महिलाओं को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मानव अधिकार रक्षक के सक्रिय सदस्य कमलेश, अरविन्द, सोनी खातून शामिल थे।

# श्याम महोत्सव पर गणेश वंदना व अखंड सामूहिक अखंड ज्योति पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री श्याम नवयुवक मंडल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन चौक स्थित सनातन धर्म सभा परिसर में किया गया। इस दौरान खाटू वाले श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। उन्हें 56 भोग भी लगाया गया। आचार्य महेंद्र भारती की देखरेख में मुख्य यजमान प्रकाश सुल्तानिया सपत्न ी सीमा सुल्तानिया ने जोड़े के साथ पूजा प्रारंभ किया।

श्याम भक्त राजेश देवड़ा द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के 50 वर्ष पूरे होने पर श्री श्याम महोत्सव 2024 को स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। 51 घंटे की अखंड ज्योति के साथ 251 महिलाओं द्वारा एक पहनावा में थीं। कोलकाता के संदीप सुल्तानिया के नेतृत्व में सामूहिक अखंड ज्योति पाठ किया गया।

श्री श्याम प्रभु की जीवन गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका के द्वारा झांकी प्रस्तुत की गई। रविवार की सुबह भक्तों द्वारा अपने घर से बनाए महाभोग का प्रसाद लगाया जाएगा। इसके बाद भजन गायक जयशंकर चौधरी, लव अग्रवाल (कोलकाता) और स्वाति अग्रवाल (सिलीगुड़ी) द्वारा भजनों की रसगंगा बहाई जाएगी। सोमवार को श्री श्याम प्रभु का निशान शोभायात्रा आयोजन स्थल सनातन धर्म सभा भवन से निकल कर नगर भ्रमण करेगा। समापन चौक के राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में निशान अर्पित किया जाएगा।

इसके बाद 13 मार्च को 101 निशान लेकर श्री श्याम भक्त खाटू धाम के लिए रवाना होंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए नारायण प्रकाश साह, सचिव सह संयोजक सुरेश चौधरी, नारायण मोदी, विकास चूड़ीवाल, सुभाष झुनझुनवाला, राजू सुल्तानिया, सोनू लोयलका, संजीव देवड़ा, अनिल सुल्तानिया, पप्पू मोदी, राजकुमार गोयनका, श्रवण सुल्तानिया, शशि सुल्तानिया, लकी मोदी, अरविंद लोयलका, राजेश चौधरी आदि सक्रिय थे।

# गौरी शंकर व दुर्गा मंदिर गायघाट में आरती व श्रृंगार के बाद प्रसाद का भंडारा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



महाशिवरात्रि पर गायघाट स्थित प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर में अल सुबह बाबा भोलेनाथ और मां गौरा पार्वती की शादी का रस्म पूरा किया गया। उसके बाद शनिवार की सायं बाबा भोलेनाथ की पूजा और आरती की गई। इसके बाद उन्हें बनाए गए भंडारा प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन में मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वनाथ चौधरी, विनय केसरी, दिलीप गुप्ता, शंकर चौधरी, संजय कुमार, संजय सिंह, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, मेयर सीता साहू, वार्ड पार्षद किरण मेहता, विनय कुमार बाला, एसडीओ गुंजन सिंह, मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा, सीता सिन्हा, रामजी मेहता, निशा मेहता, अंजू सिंह, शशि बल्दिहार, गुंजन कुमार आदि शामिल हुए। दूसरी औरपौराणिक संकट मोचन हनुमान मंदिर दुर्गा स्थान करनालगंज गायघाट में भगवान उमेश्वर महादेव विशेष श्रृंगार एवं भंडारा का आयोजन किया गया। भक्तों ने भंडारा में शामिल होकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महापौर सीता साहू, वार्ड पार्षद किरण मेहता, मंदिर के अध्यक्ष काशीनाथ सर्राफ, विनोद कुमार गुप्ता, विजय कुमार, सह सचिव राजेश कुमार पांडेय, गोपाल कुमार गोल्डन, मुकेश कुमार ठाकुर, मोहन प्रसाद, दीपक कुमार बबलू, अमित पांडेय, श्याम बाबू मेहता, अनिल कुमार, मुन्ना सरकार आदि सक्रिय रहे।

# कार्य-जीवन संतुलन से अपने काम और परिवार के बीच में तालमेल रखने की अधिकारियों से अपील

## बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार इकाई की 45वीं वार्षिक आम सभा सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार इकाई की 45वीं वार्षिक आम सभा रवींद्र भवन के सभागार में संपन्न हुई। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन्स के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार ने पटना के रविंद्र भवन में आयोजित बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन, बिहार शाखाएं की 45वीं आम सभा को संबोधित कर रहे थे। आम सभा की अध्यक्षता बिहार इकाई के अध्यक्ष अच्युतानन्द तथा संचालन रश्मि सिंह एवं मनीष कुमार सिंह ने किया। इसके पूर्व फेडरेशन के महासचिव सुनील कुमार, राष्ट्रीय सलाहकार बी. एन. मधुसूदन, चेयरमैन संजय दास, अध्यक्ष नीलेश पवार, कार्यकारी अध्यक्ष शेवतांग त्रिवेदी, कार्यपालक उपाध्यक्ष सुनील लकड़ा, उपाध्यक्ष का. पंकज कपूर एवं अन्य गणमान्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आम सभा का उद्घाटन किया। आम सभा को संबोधित करते हुए फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया आफिसर्स एसोसिएशन्स के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि किस प्रकार उनके द्वारा ए०आई०बी०ओ०सी० बैनर के अन्तर्गत ट्विटर एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से देश के समस्त अधिकारियों की आवाज सफलतापूर्वक उठाया गया है। सोशल मीडिया मंच पर सदस्यों को काफी सोच-विचार के पश्चात ही अपने विचार व्यक्त करने की आवश्यकता है और हमारी कोशिश होनी चाहिए कि इसका असर व्यापक हो और इस मंच का दुरुपयोग नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य जीवन संतुलन अधिकारियों के लिए एक महान उपलब्धि है।

हमारे लिए यह संतोष का विषय है कि इससे सदस्यों के जीवन में जबरदस्त बदलाव आया है। सुनील कुमार ने बताया कि किस प्रकार 12वें द्विपक्षीय समझौता को सफलतापूर्वक अंतिम रूप दिया गया है। उन्होने पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह के प्रति भारत सरकार के उदासीन रवैये और अभी तक कोई निर्णय नहीं लिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की तथा अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मांग को पूरा करवाने के लिए उन्हें हर स्तर पर हर समय तैयार रहने की आवश्यकता है।

# तीन स्कूल व अस्पताल भवन टूटने से बचा, तो मिठाई खिला मनायी खुशी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



विद्यालय अस्पताल गैर मजरुआ आम भूखंड बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले दोनों को बचाने का आंदोलन किया गया था। चौक अंचल के तीन विद्यालय को खाली करा तोड़ने का आदेश पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया गया था। इसके विरुद्ध 22 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस अवधि में 29 फरवरी को जिला प्रशासन अपने पूरे लाव लश्कर के साथ विद्यालय भवन पहुंच गया था। तदुपरांत स्थानीय नागरिकगण, संघर्ष समिति के तमाम कार्यकर्तागण छात्र-छात्राएं और जिला स्तर के नेतागण उपस्थित होकर शासन प्रशासन के अधिकारियों को वापस जाने पर मजबूर कर दिया था। इसके बाद जिलाधिकारी का घेराव कर भाकपा माले विधायक दल के नेता महबूब आलम के नेतृत्व में शिष्टमंडल मिलने का काम किया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट कहा गया कि विद्यालय जहां है, यथावत वहीं रहेगा।

विद्यालय भवन को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा और पठन-पाठन सुचारू रूप से वहीं चलता रहेगा। इस तरह आंदोलन को आशातीत सफलता प्राप्त हुआ। इसे लेकर आभार सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, स्थानीय नागरिक एवं मीडिया के साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और सभी के बीच मिठाइयां बांट कर खुशी का इजहार किया गया। सभा की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष विनय कुमार विद्यार्थी एवं संचालन समिति के महासचिव रजनीश कुमार राय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ के महासचिव डॉ भोला पासवान भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि यह लोगों की सामूहिक लड़ाई का नतीजा है। साथ ही विधानसभा में माले विधायक दल के नेता महबूब आलम के द्वारा विधानसभा में प्रश्न उठाए जाने और विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के द्वारा इसे विभागीय मंत्री को देखने की बात कहना भी सफलता के मार्ग। की कड़ी था। यहां की जनता को त्वरित रूप से समस्या के समाधान होने में मदद मिला। सभा में वरिष्ठ नागरिक सुजय मेहता, समिति के सचिव सुधांशु नारायण, मनोहर मेहता, प्रभु सागर, शंभू पासवान, शंकर सिंह, प्रेम कुशवाहा, रवि राकेश, प्रेम कुशवाहा, चुनचुन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# दृष्टिबाधित खिलाड़ियों ने गोला व भाला फेंक मनवाया लोहा

## राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिबाधितों के खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिहार नेत्रहीन परिषद द्वारा दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं के कनीय व वरीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन चंद्रशेखर पार्क टीवी टावर के सामने भूतनाथ रोड में किया गया। इसका उद्घाटन चिकित्सक व बिहार नेत्रहीन परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ आरएन सिंह ने किया। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेलकूद से हमें अनुशासित रहना, प्रतिद्वंद्विता की भावना पैदा होना, हार-जीत का अनुभव का ज्ञान होना हमें सिखाता है। साथ ही खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। बिहार नेत्रहीन परिषद के परियोजना समिति के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि परिषद का मुख्य उद्देश्य बिहार के दृष्टिबाधित बालिकाओं को दृष्टिबाधित विश्व कप क्रिकेट टीम के सदस्य बनाने का प्रयास करना, दृष्टिबाधित छात्रा-छात्राओं को पारा ओलंपिक में बिहार के दृष्टिबाधित छात्राओं की संख्या बढ़ाना है।

उन्होंने बिहार सरकार से दृष्टिबाधित छात्रा-छात्राओं को खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए परिषद को भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक आईसीई फाउंडेशन (यूएसए) के संयोजक श्रीमती कविता वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअली संबोधन में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की। साथ ही भविष्य में अपनी ओर से और अधिक सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में करीब 200 दृष्टि बाधित छात्र-छात्राएं बिहार के अतिरिक्त झारखंड, उत्तर प्रदेश व दिल्ली के भाग ले रहे हैं। आज दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, डिश फेंक आदि खेल का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला से दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज

मुजफ्फरपुर ।जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने दुष्कर्म करने का प्रयास लगा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने आवेदन में कहा है कि वह घर से कुछ दूरी पर अपने खेत में साग तोड़ रही थी। इसी बीच गांव के ही सुजीत सिंह आ धमका और चाकू गर्दन पर रख दुष्कर्म करने का प्रयास किया। चीखने की आवाज सुन बगल खेत में काम कर रहे उसके पति व छोटा लड़का व अन्य लोग दौड़े। इसके बाद सुजीत सिंह वहां से भाग निकला। थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि आरोपी सुजीत सिंह को गिरफ़्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जब्त विदेशी शराब का हुआ विनष्टीकरण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना के परिसर में हाईकोर्ट के आदेश पर 15 कांड में जब्त विदेशी का विनष्टीकरण शनिवार को जेसीबी मशीन से कराया गया। वहीं पन्द्रह कांड में लगभग पांच हजार लीटर विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी नीतिश चंद्र धारिया, एसआई संतोष कुमार, एएसआई अजय कुमार सहित सभी पुलिस मौजूद थे।

### अग्नि पीड़ित परिवार के बीच राहत सामग्री का हुआ वितरण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तीरा पंचायत के राजपा गांव में 28 अग्निपीड़ित परिवारों के बीच रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा किट का वितरण किया गया। रेडक्रास के द्वारा किट में कपड़ा कम्बल सहित खाद्य समाग्री का वितरण किया गया। मौके पर उजियारपुर के पूर्व सांसद सह बिहार महिला आयोग के अध्यक्ष अश्वमेघ देवी, बीडीओ देवेंद्र कुमार, शशि रंजन, मुखिया प्रतिनिधि आनंद कुमार डब्लू, मुखिया अर्चना कुमारी, रामचंद्र राय फौजी आदि लोग मौजूद थे।

### मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। मोटरसाइकिल चोरी लेकर उजियारपुर थाना के निकसपुर निवासी मिथुन कुमार ने विभूतिपुर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया। जिसमें बताया गया कि 3 मार्च को काला रंग के पैशन प्रो गाड़ी लेकर के राय गांव बारात में शामिल होने आया। पंडाल के बाहर गाड़ी खड़ा कर बारात में शामिल हुआ। खाना खाने के बाद जब वापस आया तो गाड़ी गायब था। गाड़ी की डिक्की में एक रियलमी कंपनी की मोबाइल भी थी। वहीं मामले की त्वरित कार्रवाई करते हुए विभूतिपुर थाना चोरी के बाइक के इंजन एवं अन्य पार्ट के साथ मुस्तफापुर से अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### 12 फरवरी को होगी पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। 12 फरवरी को प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के प्रांगण में होगी। बैठक की सूचना विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने पत्र निर्गत कर सांसद, विधायक, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया, प्रखंड अंतर्गत कार्यरत सभी विभाग के पदाधिकारी एवं सभी बैंक के शाखा प्रबंधक को दी है। बैठक में सभी विभाग के मुद्दे पर चर्चा होने की बातें कही गई है।

### विद्यालय कक्ष से मोटर चोरी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय चकहवीब से अज्ञात चोरों ने मोटर कक्ष से बिजली मोटर चोरी कर ली। मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार झा ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया है कि 8 मार्च की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा मोटर कक्ष का ताला काट कर बिजली मोटर चोरी कर ली गई है।

### गोलीकांड के आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पटपरा उत्तर स्थित बांध पर चाय दुकान पर हुई गोलीबारी मामले में कांड के नामजद आरोपी पटपरा उत्तर निवासी रमाकांत सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। बता दें की 8 जनवरी 2024 को चाय दुकान पर हो रहे विवाद पर मना करने गए चाय दुकानदार के पैर में गोली मार जख्मी कर दिया गया था। जिसमें दो लोगों को गोली लगी थी। मामले को लेकर जख्मी चाय दुकानदार की मां रामपरी देवी ने नौ लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# एसएसपी से थाने में जब्त वाहन को अवैध रूप से उपयोग कर क्षतिग्रस्त करने के मामले की जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता





मुजफ्फरपुर। समस्तीपुर जिले के पटोरी निवासी वीरचंद प्रसाद ने एसएसपी , मुजफ्फरपुरं को आवेदन देकर पानापुर ओपी पुलिस द्वारा जब्त स्कार्पियो को गैर कानूनी तरीके से अपने खुद के उपयोग में सैंकड़ों किलोमीटर चलाने और उसे क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के मामले की जांच की मांग की है। एसएसपी को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि उनका नया स्कॉपियों गाड़ी रजिस्ट्रेशन नं०. BR33A -2123 उनका पड़ोसी आदर्श कुमार पिता राम नरेश शर्मा एक विवाह समारोह में मजफ्फरपुर बारातजाने के लिए दिनांक 18 फरवरी को माँग कर ले गये ।उस समय वे उत्तराखण्ड में थे। उनके मोबाईल फोन से दिनांक 19 फरवरी की रात्री में करीव 01 बजे सूचना दी गई कि मेरी उपर्युक्त गाड़ी पानापुर ओ० पी०, थाना कांटी जिला-मुजफ्फरपुर में थानाध्यक्ष पानापुर ओ० पी० द्वारा पकड़ रखे हुए है, मैं तत्काल अपने भाई शिवनाथ प्रसाद चौधरी को पानापुर ओ० पी० जाने को कहा मेरा भाई थाना पहुंचा थाना पहुँचकर थानाध्यक्ष पानापुर ओ० पी० रविकान्त जी से सम्पर्क कर विस्तार से जानकारी प्राप्त किया कि मेरी गाड़ी में बैठा एक बराती एक बोतल शराब कमर में छुपाकर रखे हुएथा और तालाशी के दौरान बरामद हुआ। उपर्युक्त गाड़ी मेरे स्वयं के उपयोग का था इसलिए उसमें मेरा ड्राइवर नहीं था। उपर्युक्त थाना के थानाध्यक्ष को मेरे भाई शिवनाय प्रसाद ने कहा कि मेरी गाड़ी से शराब बरामद नहीं हुआ है, मेरी गाड़ी छोड़ दे। उस पर थानाध्यक्ष पानापुर ओ० पी० रविकान्त ने गाड़ी मालिक और मेरे भाई शिवनाथ को झूठे मामले में फंसाने और शराब के कानून का भय दिखाते हुए जेल भेजने का धमकी दिया और एक लाख रूपया का डिमांड किया। उन्होंने कहा कि मुन्ना नाम के बिचौलिये से बात कर लो। मुन्ना जी से मेरा भाई मिला ।मुन्ना बोला कि यानाध्यक्ष जो कहे है वह काम कर दिजिए। मेरा भाई शिवनाय प्रसाद ने कहा कि मेरे पास दस हजार रुपए है मुन्ना जी को दस हजार रूपया दे दिया। मुन्ना जी ने कहा कि थानाध्यक्ष ने एक लाख बोले हैं उतना देना होगा। मेरे भाई शिवनाथ प्रसाद के पास रूपया नहीं रहने के कारण इन्होने अपने फुफेरे बहनोई श्री चन्दन कुमार से विचौलिया मुन्ना के पे फोन नं0- 8789114634 पर 10,000 रूपया (दस हजार रूपया) भेजवाया उसके बाबजुद थानाध्यक्ष नहीं माने, बोले कि कम से कम 70,000 रुपया (सत्तर हजार रूपया) पुरा करो। मेरा भाई शिवनाय प्रसाद चौधरी ने पटोरी से मुन्ना के उपर्युक्त फोन नं0 8789114634 पर 50,000 रूपया (पचास हजार रूपया) भेजवाया। सत्तर हजार रूपया दे देने के बाद मेरे भाई ने कहा कि मेरी गाड़ी से शराब बरामद नही हुआ है मेरी गाड़ी को छोड़ दीजिए उन्होने कहा तुमको और गाड़ी ऑनर तुम्हारे भाई को अभियुक्त नहीं बनायेगें, गाड़ी नहीं छोड़ेगे। गाड़ी प्रक्रिया से रिलिज कराओ। सारी घटना थाना में लगे सी० सी० टी० वी० फोटेज में कैद है जो फोटेज देखने से स्वतः स्पष्ट हो जायेगा। सारी घटना उपर्युक्त सारी बातो की जानकारी मुझे मेरे भाई ने मुझे मोबाईल फोन से दिया। मैं अपने भाई को वापस आने को कहा। उत्तराखण्ड से वापस पटोरी आकर न्यायालय में अर्जी दिया। अर्जी देने के बाद दिनांक-23फरवरी को थाना पानापुर ओ० पी० गया तो मेरा जब्त गाड़ी स्कॉपियों थाना परिसर में नहीं था। तो हमने अपने मोबाईल फोन सेविडियों बनाया कि मेरा स्कॉपियों थाना परिसर में नहीं है। गाड़ी के बारे में जानकारी मिली कि थानाध्यक्ष रविकान्त कुमार के द्वारा उपयोग लगातार किया जा रहा है। पुनः मैं अपने घर वापस पटोरी आया। दिनांक 5मार्च- को माननीय न्यायालय के आदेश से मेरा गाड़ी रिलिज किया गया। मैं रिलिज पेपर लेकर याना-पानापुर ओ० पी० पहुँचा, थाना कर्मी ओम्प्रकाश जी एस आई को मैं रिलिज पेपर दिया उन्होने गाड़ी ले जाने को कहा। जब मैं अपनी नये स्कापियों को देखा तो क्षतिग्रस्त पाया जबकि मेरे गाड़ी जब्त होते समय पुरी तहर सुरक्षित थी एवं उस पर खरोच तक का निशान नहीं था, जब्त करते समय का भी फोटों मेरे भाई शिवनाय के मोबाईल फोन में है। यानाच्यदा पानापुर ओ० पी० रविकान्त द्वारा करीब 1600 किलोमीटर चलाया हुआ पाया गया। मैंने ओम प्रकाश जी एस० आई को अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी दिखाया उन्होने कहा मुझे कोई जानकारी नहीं है आप थानाध्यक्ष से बात किजिए। मैने थानाध्यक्ष से बात किया कि मेरा गाड़ी क्षतिग्रस्त है तो उन्होंने कहा मैं छुट्टी पर हूँ गाड़ी नहीं छुटेगी। मैं छुट्टी से वापस ड्यूटी पर आऊँगा तो बात करूंगा, फोन डिसकनेक्ट कर दिया। ओम्प्रकाश जी न्यायालय आदेश के तहत गाड़ी को ले जाने को मुझे कहे। मैं थाना परिसर में ओम्प्रकाश जी एस० आई के समक्ष अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी का फोटो मोबाईल फोन से लिया और गाड़ी लेकर अपने घर वापस आ गया। मुझे श्रीमान् को अवगत कराना है कि थानाध्यक्ष रविकांत जी के द्वारा कानून का नाजायज भय दिखाकर बिचौलिया मुन्ना के माध्यम से कुल 70,000 (सत्तर हजार) रुपए नगद एवं पे फोन के माध्यम से लिया गया तथा मेरे जब्त गाड़ी को गैर कानूनी ढंग से चलाते हुए क्षतिग्रस्त हालत में सुपुर्द किया गया जिसका सम्पूर्ण घटना क्रम बिचौलिया मुन्ना का लगातार बात-चीत का दृष्य थाना मे लगे सी० सी० टी० बी० फुटेज को देखकर पता लगाया जा सकता है। साथ ही थानाओं का दलाल मुन्ना एवं थानाध्यक्ष की बात-चीत के बारे में उनके फोन नंम्बरों के डिटेल्स से पता लगाया जा सकता है। वीरचंद प्रसाद ने थानाध्यक्ष पानापुर ओ० पी० रविकान्त पर धमकी वो धौंस दिखाकर बिचौलिया मुन्ना के द्वारा 70,000 रूपया प्राप्त करने एंव जब्त नयी स्कॉपियों को 1600 किलोमीटर अवैध रूप से चलाकर दुर्घटना ग्रस्त कर मेरी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के लिए संबंधित थानाध्यक्ष रविकांत एवं बिचौलिया पर विधि सम्मत कारवाई कर न्याय की मांग की है।

## बीडीओ ने दिया पंचायत समिति को प्राथमिकी दर्ज करवाने का आदेश

**बिना सूचना के मतदान केंद्र तोड़वाने वाले पर होगी प्राथमिकी दर्ज**

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान ने महथी उत्तर के पंचायत सचिव को प्राथमिकी दर्ज करवाने का आदेश जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि विभूतिपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान केंद्र संख्या 28 एवं 29 प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर वार्ड 13 जो भवन के अभाव में सामुदायिक भवन मोहनपुर वार्ड 13 में चलाया जा रहा था। उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक फूल कुमार पंडित द्वारा बिना सूचना व अनुमति लिए बिना सामुदायिक भवन को तोड़कर उक्त स्थल पर विद्यालय भवन बनाया जा रहा है। जबकि उक्त भवन में पूर्व से विधानसभा एवं लोकसभा का मतदान केंद्र है। लोकसभा 2024 का चुनाव निकट है। उक्त मतदान केंद्र जो विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा तोड़े जाने के कारण चुनाव में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। जिसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्णदेव महत्व एवं लेखपाल पंकज कुमार को पहले से था लेकिन उक्त बात को छुपाया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि तीनों व्यक्ति द्वारा गलत मानसा से चुनाव कार्य को बाधित करने का प्रयास किया गया। उक्त तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करवा कर 24 घंटे के अंदर निर्गत प्राथमिकी संख्या अधोहस्ताक्षरी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड क्षेत्र के मिथिला के प्रसिद्ध देवघर कपिलेश्वर स्थान महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बताते चलें कि धार्मिक न्यास बोर्ड समिति और बाबा कपिलेश्वर स्थान सेवा समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया ।समिति द्वारा मुख्य अतिथि सदर एसडीएम अश्वनी कुमार सहित सभी अन्य अतिथियों का मिथिला की परंपरागत पाग और डोप्टा पहनाकर सम्मानित किया ।बतौर मुख्य अतिथि मधुबनी सदर एसडीएम अश्वनी कुमार के साथ साथ मेयर अरुण राय, सीओ अभय कुमार, डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान, बीडीओ निरंजन कुमार,थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। एसडीएम अश्वनी कुमार ने अपने संबोधन की शुरूवात हर हर महादेव के जयकारे के घोष के साथ किया। एसडीएम ने कहा अब धार्मिक न्यास समिति बोर्ड द्वारा न्याय समिति का गठन हुआ हैं इससे मंदिर का विकाश होगा। सभी लोगों को आपस में मिलकर मंदिर का विकास करना चाहिए सभी के सहयोग से ही यह काम संभव हैं। यह मधुबनी जिला का मुख्य पर्यटन स्थल में से एक हैं। उन्होंने आगे कहा धार्मिक न्यास बोर्ड समिति के अध्यक्ष सीओ होते हैं सीओ यहां हर पहलू की जांच पड़ताल करते हुए प्रस्ताव भेजेंगे। जिससे अतिशीघ्र विकाशात्मक कार्य होंगे। एसडीएम ने सफल कार्यक्रम के लिए समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कपिलेश्वर स्थान के ऐतिहासिक मंच से पूरी रात मशहूर गायिका ज्योति माही की टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कई हजार की तादाद में शिव भक्त पूरे रात शिव भजन और बाबा के नचारी पर झूमते नजर आए। इस कार्यक्रम में धार्मिक न्यास बोर्ड समिति के सचिव विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष गजेंद्र भगत,कोषाध्यक्ष प्रभात रंजन यादव, सदस्य राजू साफी और कपिलेश्वरस्थान सेवा समिति के सदस्य रियासत अली उर्फ कल्लू, प्रभु जी झा,नितेश यादव,प्रवीण झा, नागेंद्र चौरसिया, रामभरोस राय,रमेश यादव, अनिल राय,राधे यादव ,अजय मोहन,कपिलदेव चौधरी सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहें।

## शहर के गुदरी बाजार से ब्रांडेड कंपनी का 33 कार्टन नकली हेयर ऑयल बरामद, एक गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के गुदरी बाजार में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली हेयर ऑयल बरामद किया है। छापेमारी में पुलिस में दो अलग विभिन्न ब्रांड का हेयर ऑयल बरामद किया है। पुलिस ने बाजार में खपाने के लिए गोदाम में रखा नकली हेयर ऑयल का 27 छोटा कार्टन व छह बड़ा कार्टन बरामद किया है। जिसे जब्त कर पुलिस के द्वारा थाने ले जाया गया। वहीं पुलिस ने नकली हेयर ऑयल के भंडारण व उसके कारोबार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुदरी बाजार के स्व. रघुनाथ गुप्ता के पुत्र अशोक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई कंपनी के कोलकाता स्थित रीजनल ऑफिस से जुड़े व्यक्ति के द्वारा दी गई गुप्त सूचना के आधार पर की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह नकली हेयर ऑयल कहां-कहां सप्लाई करता था, इसके संबंध में जानकारी ली जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## महेश्वर नाथ महादेव मंदिर में रुद्रा अभिषेक अयोजन किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली महेशवारा गाँव स्थित महेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शुक्रवार को देर शाम में पूर्व मुखिया अरुण कुमार सिंह एव उनकी धर्म पत्नी सुश्री रेखा कुमारी द्वारा बाबा महेश्वर नाथ महादेव मंदिर में बोले शंकर जी का रुद्रा अभिषेक पूजन का आयोजन किया गया.इस पूजन के दौरान बाबा महेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पंडा ललन गिरी द्वारा शिव रुद्र अभिषेक पुजारी अरुण कुमार सिंह एव उनकी धर्म पत्नी द्वारा बोले शंकर की लिंगो को फूल,बेलपत्र एव पुष्पमाला से सजाकर शिव को दूध से स्नान करके विधिवत पूजा अर्चना शुरू की गयी. वही बोले शंकर भगवान की रुद्र अभिषेक के दौरान महिला श्रद्धालु भक्तों द्वारा भोले शंकर की नचारी गीतों से महादेव मंदिर में भक्तिमय की माहौल गूंज उठी.महादेव मंदिर के पंडा रतन गिरी ने कहा कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन भोले शंकर की विधि विधान से रुद्र अभिषेक पूजन करने से अकाल मृत्यु की संकट भी टल सकता है. साथ ही जो व्यक्ति रुद्र अभिषेक पूजन करता है उस श्रद्धालुओं को मनचाहा मनोकामना की प्राप्ती होती है.वही पूर्व मुखिया अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के भाती इस बार भी महाशिवरात्रि के दिन बोले शंकर जी रुद्र अभिषेक पूजन करने से घर मे सुख,शांति एव समधी लाती है.इस मौके पर वर्तमान मुखिया महेश यादव, डा. श्याम कुमार सिंह,देव कुमार सिन्हा,शिव कुमार सिंह,विजय कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,तपेश्वर सिंह,राम कलेबर पासवान, रमेश ठाकुर,बिलटू पासवान, मनोज कुमार सिंह,वकील पासवान,पप्पू कुमार ठाकुर, शिक्षक हरीश चंद्र राय,परीक्षण यादव,सुनील कुमार सिंह सहित दर्जनों शिव भक्त मौजूद थे.

## पुलिस ज्यादती के खिलाफ डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह पर पुलिस द्वारा सी सी ए का प्रस्ताव दिए जाने एवं मोतीपुर मुरारपुर गांव में सरकारी सड़क को बंद की जाने से आंदोलित निहत्थे ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के खिलाफ जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला ।इस मौके पर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से बताया की सरपंच संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह स्थानीय पुलिस की मनमानी के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ते रहे हैं। इस वजह से स्थानीय पुलिस के द्वारा पूर्व में श्री सिंह के खिलाफ कई झूठे मुकदमे भी दर्ज किया गया था । फिलहाल शिवाई पट्टी थाना पुलिस ने बदले की भावना से उन पर सीसीए लगाने का प्रस्ताव भेजा है। प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी से कहा कि निर्दोष जनप्रतिनिधि पर इस तरह की कार्रवाई करना बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, इसकी जांच होनी चाहिए एवं जनप्रतिनिधियों को न्याय मिलना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष मुरारपुर गांव में बियाड़ा द्वारा लालगंज महबल सरकारी सड़क को क्षतिग्रस्त करने तथा इसके खिलाफ आंदोलित ग्रामीण पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण कार्रवाई किए जाने का मामला उठाते हुए प्रशासन द्वारा बंद किए गए सड़क को चालू करने, निहत्थे ग्रामीण पर पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई की जांच करने तथा ग्रामीण पर प्रशासन द्वारा की गई मुकदमा वापस लेने का मांग रखा गया । जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनने के उपरांत सीसीए संबंधी प्रस्ताव पर पुनः वरीय पुलिस अधीक्षक का मंतव्य मांगने तथा टीम गठित कर मुरारपुर की घटना का जांच करने का श्वसन प्रतिनिधिमंडल को दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल शामिल लोगों में धर्मनाथ शाह, नंदन कुमार झा , दीनानाथ प्रसाद, राम दिनेश प्रसाद ,अजय कुमार, राजकुमार राय आदि प्रमुख थे।

## टारगेट चौकीदार नहीं बल्कि भारतवर्ष की तिजोरी है : धर्मेन्द्र भारद्वाज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जयनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पूर्वे के अध्यक्षता में नमो युवा चौपाल 400 सौ पे चर्चा कार्यक्रम देवधा गांव में आयोजित किया गया। इस मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए प्रांतीय युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्वाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि हमारा आपका संगठन के प्रति समर्पण ही राष्ट्र की ताकत बनेगा। नमो युवा चौपाल कार्यक्रम झंझारपुर लोकसभा के अंतर्गत खजौली विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में चौपाल लगाकर केंद्र सरकार योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करते हुए पत्रक वितरण कर संपर्क करना है। कार्यक्रम को गति देते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर गारंटी वाली योजनाओं को बताकर पुनः मोदी सरकार हेतु कार्यक्रम में मौजूद लोगों से वोट देने की बात कही उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारतवर्ष का भविष्य तय करने वाला है। कारण एक बात को याद रखना टारगेट चौकीदार नहीं, बल्कि भारतवर्ष की तिजोरी है। अगर चौकीदार हटा तो देश का खजाना लुटा। सेवा , सुशासन और गरीब कल्याण हेतू प्रतिबद्ध सनातन संस्कृति के वाहक यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को पुनः 2024 मे चौकीदार बनाने हेतू समाज में जागृति लाने का युवाओं से आह्वान किया। प्रखंड युवा अध्यक्ष गोपाल पूर्वे ने कहा कि भारत को विकसित एवं विश्व गुरु बनाने के लिए पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतू गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों से संपर्क साधने की बात कही।

## 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम, शिवानी द्वितीय व साक्षी सुमन ने किया तृतीय स्थान प्राप्त

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



नेहरू युवा केंद्र समस्तीपुर के तत्वाधान में युवा शक्ति क्लब विभूतिपुर द्वारा प्रखंड के नरहन में लड़कियों की बीच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस 500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंकिता, द्वितीय स्थान पर शिवानी व तृतीय स्थान साक्षी सुमन ने प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक केशव बाबू व संचालन संकेत झा ने किया। वहीं प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को भुसवर पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो के द्वारा कप, टीशर्ट, कैप के साथ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया रंजीत कुमार ने लड़कियों को खेलकूद में बढ़-चढ़कर भाग लेने पर बधाई दी तथा उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि आज के समय में लड़कियां खेलों में भाग लेकर प्रदेश का ही नहीं, अपितु पूरे देश का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने बताया कि लड़किया घर-परिवार की जिम्मेवारी के साथ-साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने लड़कियों से आह्वान किया कि वे खेलकूद जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले। खेलों में भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए खेलों में आगे आना चाहिए। मौके पर दिनेश पासवान, शिक्षक राजन सिंह, गोपाल सिंह, शिवम कुमार, विकास कुमार, रंजीत शर्मा, क्रांति कुमार, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित थे।

## संयुक्त किसान मोर्चा का दिल्ली में आयोजित महापंचायत ऐतिहासिक होगी : किसान सभा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आगामी 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित किसान महापंचायत की कामयाबी के लिए बिहार राज्य किसान सभा की जिला इकाई की बैठक कल्याणी चौक स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र बैठा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अपनी वाजिब मांगों को लेकर दिल्ली कुच कर रहे किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई कर अपने किसान विरोधी चेहरे को उजागर कर दी है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आगामी 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत कर किसानों को एमएसपी की गारंटी, किसानों की सभी प्रकार की ऋणमुक्ति, 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी किसानों-मजदूरों को दस हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन, जनविरोधी बिजली बिल विधेयक 2022 की वापसी सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में महापंचायत में शिरकत करने के लिए जिला से किसानों का जत्था 12 मार्च को सुबह में हीं रक्सौल - दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से दानापुर पहुंच कर दिल्ली के लिए रवाना होने का निर्णय लिया गया। बैठक को किसान नेता शंभू शरण ठाकुर, भरत पासवान भारती, श्रवण कुमार, महेश चौधरी, मो० युनूस, रामकिशोर झा, शत्रुघ्न महतो आदि संबोधित किए।

## रिलायंस ज्वैलर्स डकैती : 'डॉन' के सामने कहीं 'डाउन' तो नहीं हो गयी समस्तीपुर पुलिस ?

- 10 किलो से अधिक सोना व साढ़े सात लाख कैश की हुई थी लूट
- ये डम्मी नहीं ओरिजनल अपराधी हैं साहब ! नेपाल, बंगाल, झारखंड, यूपी हर तरफ तीर चला रही पुलिस

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कुछ महीने पूर्व एक सिरफिरे किशोर को बैंक से चाकू के साथ पकड़कर सरेबाजार घुमाने वाली समस्तीपुर पुलिस के वो तेवर अब कहां हैं? कुछ छोटी बड़ी घटनाओं का जिस तरीके से समस्तीपुर पुलिस ने खुलासा किया था, उसे देखकर आम लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा था। कुछ दिनों तक सोशल मीडिया पर भी पुलिस ने खूब नाम कमाई थी। लेकिन कुछ ही महीने में सबकुछ फिर से बदल गया। जिले की जनता को अब पता चल गया है कि समस्तीपुर पुलिस के वो तेवर सोशल मीडिया पर कागजी फूलों की भांति ही सिर्फ देखने में आकर्षक थी, उसमें किसी तरह का सुगंध नहीं था। जो अपराध रूपी आंधी (रिलायंस ज्वेल्स डकैती कांड) के एक झोंके में ही बेजान हो गयी है। तभी तो घटना के 11 दिन बाद भी पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी तो बहुत दूर उनकी पहचान तक नहीं कर पायी है। कुछ बुद्धजीवियों का कहना है कि असली अपराधी से पाला पड़ते ही पुलिस की बुद्धि गुम हो गई है। लोगों को अब तो यह भी आशंका होने लगा है कि कहीं ह्यडॉनह्व के सामने समस्तीपुर पुलिस के तेवर ह्यडाउनह्व तो नहीं हो गये हैं? खैर, मिथिला पब्लिक न्यूज का ऐसा मानना नहीं है। क्योंकि पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं। देर से ही सही वे अपराधी तक पहुंच ही जायेंगे। हां यह हो सकता है कि अपराधियों तक पहुंचते पहुंचते लूटी गई ज्वेलरी पूरी तरह से खप (खत्म हो) गयी हो। रिलायंस ज्वेल्स डकैती कांड को अंजाम देकर अपराधियों ने समस्तीपुर पुलिस की सारी व्यवस्था एवं हवा हवाई वाले दावों की पोल खोलकर रख दी है। अपराध नियंत्रण को लेकर बड़ी बड़ी कागजी प्लानिंग और घटना के बाद अपराधियों के पकड़ने के पुलिसिया रणनीति सब समय पड़ने पर फेल कर गयी है। घटना के बाद अपराधियों के भागते ही 15 मिनटों में जिले को सील कर उन्हें पकड़ने की तैयारी समय पर काम नहीं आयी। क्योंकि घटना को कोई डम्मी अपराधी ने नहीं ओरिजनल अपराधियों ने अंजाम दिया था। रिलायंस ज्वेल्स डकैती कांड के बाद जांच में जुटी स्थानीय पुलिस की एसआइटी, एसटीएफ एवं पड़ोसी जिलों की पुलिस टीम अपराधियों की पहचान तो नहीं कर पायी है। लेकिन वह संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए बिहार के वैशाली, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, पटना, बेगूसराय एवं दरभंगा के साथ साथ नेपाल, बंगाल, झारखंड, यूपी हर तरफ छापेमारी कर रही है। या यूं कहें कि इन जगहों पर जाकर अंधेरे में तीर चला रही है। उन्हें आशा है कि कोई न कोई पुराना शातिर अपराधी इस घटना में जरूर शामिल होगा। लेकिन पुलिस सूत्रों की मानें तो अभी तक पुलिस को कोई खास सुराग हाथ नहीं लगा है। इतना ही नहीं इस घटना में शामिल किसी भी अपराधी की पहचान तक नहीं हो पायी है। बताया जाता है कि पुलिस की टीम ने कई दिनों तक नेपाल से जुड़े सीमावर्ती इलाकों में दबिश बनायी। पुलिस ने इस दौरान कई होटलों एवं अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की, लेकिन उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली।

## डीडीसी की अध्यक्षता में हुई तकनीकी विभाग की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा, समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ.भीमरावअम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन के निदेशानुसार उप विकास आयुक्त, दरभंगा श्री चित्रगुप्त कुमार की अध्यक्षता में तकनीकी विभाग के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग, बिरौल, बेनीपुर, दरभंगा-1 एवं दरभंगा -2 द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत वर्ष 2008-09 से 2022-23 तक ली गई योजनाएँ एवं पूर्ण कराई गई योजनाओं से संबंधित विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा नबार्ड के अन्तर्गत सड़क निर्माण की ली गई योजना का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। उप विकास आयुक्त ने अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, दरभंगा-01 एवं बेनीपुर - 02 में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 से वर्ष 2023-24 तक की ली गई योजनाओं की स्थिति से कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, दरभंगा - 01 एवं कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन बेनीपुर-02 द्वारा उप विकास आयुक्त को अवगत कराया गया। उप विकास आयुक्त, दरभंगा ने लंबित मामलों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वरीय परियोजना अभियंता बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड दरभंगा ने समीक्षा क्रम में बताया कि दरभंगा जिला अन्तर्गत कुशेश्वरस्थान-फूलतोरा पथ, घनश्यामपुर, रसियारी घाट पथ, हायाघाट प्रखण्ड के सिरनिया-बिलासपुर के बीच बागमती नदी पर उच्च स्तरीय आर.सी.सी पुल निर्माण कार्य, दरभंगा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत बागमती नदी पर क्षतिग्रस्त महाराजी पुल उच्च स्तरीय आर.सी.सी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उप विकास आयुक्त ने जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिए।

## पुष्पलता बनी दलसिंहसराय थाने की अपर थानाध्यक्ष, तीन अन्य पुलिस अवर निरीक्षकों के थानों में हुआ बदलाव

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर एसपी विनय तिवारी ने शनिवार को एक जिलादेश जारी कर दलसिंहसराय व नगर थाना में विभिन्न पदों पर पदास्थापित पुलिस अवर निरीक्षकों के थाना एवं पद में बदलाव किया है। जारी जिलादेश के अनुसार नगर थाना में पदास्थापित कअनि चंद्रभूषण कुमार को कल्याणपुर थाने का अपर थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं दलसिंहसराय थाने के अपर थानाध्यक्ष एसआई प्रभुनाथ सिंह को कल्याणपुर थाने का कअनि बनाया है। दलसिंहसराय थाने में कअनि के पद पर पदास्थापित एसआई पुष्पलता कुमारी को दलसिंहसराय थाने का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। दलसिंहसराय थाने में कअनि के पद पर पदास्थापित एसआई मो. मोजम्मिल को नगर थाना में स्थानांतरण कर उन्हें नगर थाना में कअनि बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बक्सर में 24 घंटे में दो युवकों ने लगाया फांसी

बक्सर। जिला में 24 घंटे के अंदर जिले के दो युवकों ने फांसी लगा आत्महत्या कर लिया है। पहली घटना गुरूवार की रात औद्योगिक थाना क्षेत्र के दलसागर गांव में हुई, जहां एक 38 वर्षीय युवक ने पारिवारिक कलह से तंग आ आत्महत्या कर लिया। उसका शव गमछे के फंदा पर लटका हुआ था। जिसकी सूचना मिलते ही औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान स्थानीय गांव के कविन्द्र नाथ राय के 38 वर्षीय पुत्र प्रफुल्ल सिंह के रूप में हुई है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो युवक का अक्सर अपनी पत्नी के साथ विवाद होते रहता था। वही दूसरी घटना शुक्रवार की शाम डुमरांव के जंगल बाजार रोड की है। यहां एक युवक ने घर में फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। घटना शाम करीब छह बजे की है। मृतक की पहचान जंगल बाजार रोड के उमेश प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है।

### पुलिस ने अपहृत किशोरी को हरियाणा से किया बरामद

चौगाई (बक्सर) मुरार थाना क्षेत्र के एक गांव से 29 फरवरी को एक किशोरी घर से पढ़ने के लिए डुमरांव आई थी, लेकिन वापस लौट कर अपने घर नहीं गई। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाने में भोजपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के नरगदा गांव के रवि कुमार के खिलाफ अगवा करने का आरोप लगा पास्को ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। मोबाईल सर्विलांस के आधार पर युवती के हरियाणा में होने की जानकारी मिली। जहां छह मार्च को किशोरी को बरामद करने के साथ ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर 4 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

दिनारा(रोहतास)। नगर पंचायत दिनारा अंतर्गत बिजली चोरी के विरुद्ध कनीय विद्युत अभियंता दिनारा नवदीप गोयल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे तीन लोगों को पकड़ा गया। बताते चलें कि मीटर बाइपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम दिनारा के प्रतिमा देवी पर 10 हजार 306, कन्हैया केशरी पर 12 हजार 873, गीता देवी पर 40 हजार 985 रुपये जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। ऊक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाइपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बिना कोई वैध कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर ग्राम दिनारा के ही सुमंत कुमार पर 42 हजार 088 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई हैब। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर राजस्व वसूली करने का निर्णय लिया गया है।

### खिरिआंव से पुलिस ने किया 35 लीटर देशी शराब की बरामद

नसरीगंज(रोहतास):काच्छवा थाना क्षेत्र के खिरिआंव गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर बासवाड़ी से पुलिस ने 35 लीटर देसी महुआ शराब किया बरामद। धंधेबाज पुलिस को देखते हीं फरार हो गया। थानाध्यक मितेश कुमार ने बताया कि धंधेबाज की पहचान कर ली गई है। उसको शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### थानाध्यक्ष ने चलाया वाहन जांच अभियान, वसूला जुर्माना

बिक्रमगंज(रोहतास)। नासरीगंज अंचल निरीक्षक एवं कछवां थानाध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर रोहतास व भोजपुर बॉर्डर पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिस क्रम में नासरीगंज अंचल निरीक्षक के द्वारा 26 हजार पांच सौ रुपये एवं कछवां थानाध्यक्ष द्वारा 22 हजार यानी कुल मिलाकर 48 हजार पांच सौ रुपए का वाहन चालकों से ऑनलाइन चालान काटा गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी।

### ट्रेन के चपेट में आने से व्यवसायी की हुई मौत

रोहतास। जिला क्षेत्र के रेसेंदुआ रेलवे लाइन समीप ट्रेन के झटके से खगड़िया जिले की एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान खगड़िया जिला निवासी मो. जसीम का पुत्र मो. निषाद बताया जा रहा है। जो पंडित दीनदयाल गया रेल खंड के रेसेंदुआं गांव समीप की घटना बताई गई है। शिवसागर थाना क्षेत्र में घटी इस घटना के बाद पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को युवक के शव को पुलिस ने सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी रखी है।

# अतिपिछड़ा सम्मेलन के लिए पटना के लिए कार्यकर्ता हुए रवाना

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। पिछड़ा एवं अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेने के लिए पालीगंज पटना के लिए ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीन चंद्र शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ता रवाना हुए। कार्यकर्ता जय श्री राम के नारा लगाते हुए घोसिया खुर्द से पालीगंज पटना के लिए प्रस्थान किया। ओबीसी मोर्चा के रोहतास जिला अध्यक्ष नवीन चंद कार्यक्रम में जाते हुए संवाददाता से बताया कि दबे कुचले परिवार जो सैकड़ो वर्षों से उपेक्षित रहते थे, वैसे समाज के लोग जो अंतिम प्रधान पर थे अगर कोई चिंता किया, तो आज के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम पायदान पर रहने वाले गरीब अपेक्षित नौजवान महिला को अगर किसी का साथ मिला उसका नाम है नरेंद्र मोदी। गरीबों का शान देश का स्वाभिमान पिछड़ा का हृदय सम्राट महिलाओं का स्वाभिमान अगर कोई है तो उसका नाम नरेंद्र मोदी है। नरेंद्र मोदी नौजवान महिला कमजोर लाचार बुजुर्ग के लिए जो काम किए हैं। वह काबिले तारीफ है। नरेंद्र मोदी को रहते हुए देश में कोई अपेक्षा का शिकार नहीं हो सकता है। श्री साह ने बताया कि अति पिछड़ा का सम्मेलन पालीगंज पटना में है। हजारों की संख्या में हम लोग उस कार्यक्रम में जा रहे हैं तथा मोदी जी के संदेश को घर तक पहुंचाने के लिए हम लोग संकल्प लिए हैं। भारत माता के लाल नरेंद्र मोदी के शब्दों को एक-एक करके सभी लाभार्थी को बताएंगे।

## प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। व्यवहार न्यायालय, आरा परिसर में आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के तत्वाधान में वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया इस राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा के प्रकोष्ठ में दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक नागेश्वर दुबे, जिला शासकीय अधिवक्ता राजनाथ सिंह, जिला अग्रणी प्रबंधक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के वरीय पदाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी एवं सभी न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, गौतम कुमार द्वारा बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 21 पीठ का गठन किया गया था। कुल निष्पादन 1324 हुआ है जिसमें बैंक निष्पादन मामले की संख्या 476 वादों का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया, बीएसएनएल 18 एवं न्यायालय में लंबित कुल सुलहनीय वाद के निष्पादन की संख्या 830 है, जिसमें अपराधिक मामले की संख्या 192, विद्युत वादों की संख्या 100., मोटर दुर्घटना वाद की संख्या 06, रेलवे एक्ट के मामले की संख्या 452, एवं खनन मामले से संबंधित मामलों की संख्या 80 का निष्पादन इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। साथ ही कुल मो0 -34226236 रुपए समझौता की राशि रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार द्वारा यह भी बताया गया कि विगत 3 माह से सभी कार्यालय कर्मी एवं पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा कार्य किया जा रहा था जिस कारण इतनी संख्या में सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जा सका है।

## पत्रकार के पितृशोक से आहत है चांदी इंग्लिश पंचायत के ग्रामीण, मातम पुर्सी करने पहुंच रहे लोग

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत संझौली प्रखंड के तिलाई पंचायत में 20 वर्षों तक सरपंच रहे औराई गांव निवासी दैनिक अखबार के पत्रकार अजीत राय के 73 वर्षीय पिता जंगबहादुर राय का हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई ' उनकी मृत्यु से चांदी इंग्लिश पंचायत के सभी वर्गों के लोग आहत है कमरूदीन, अजय पासवान, ललन यादव, राम इकबाल यादव ने बताया की त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव से पूर्व जब तिलाई पंचायत का अस्तित्व था तब वे 20 वर्षों तक सरपंच बने रहे ' उनके न्याय का तरीका इतना प्रभावशाली था की त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में उनको खड़ा कराने के लिए लोग उनके दरवाजे पर पर भिड़ लगाए रहते थे। लेकिन उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के नए परिसीमन में कभी चुनाव ही नहीं लडा जबकि तब के तिलाई पंचायत और वर्तमान चांदी इंग्लिश पंचायत के कई गांव के लोग इनके सम्मान में इनका निर्वाचन निर्विरोध करने का भी ऐलान कर चुके थे ' लेकिन उन्होंने चुनाव लडना मुनासिब नहीं समझा फिर भी नव निर्वाचित सरपंचों के वावजूद न्याय हेतु लोग इन्ही के पास जुटते थे।

भले ही यह न्याय का कोई कागज नहीं बनाते थे लेकिन लोगों की इनके न्याय में इतना भरोसा रहा की बिना किसी कागजात के इनके फैसले को मानते रहे ' बीते कई वर्षों से स्वास्थ्य कारणों से इन्होंने अब सामाजिक कार्यो में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी थी।

## नारीशक्ति फिटनेस दौर का आयोजन वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। नेहरू युवा केंद्र भोजपुर तथा प्रयास "एक कोशिश बदलाव की" के द्वारा नारी शक्ति फिटनेस दौर का आयोजन वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल के खिलाड़ी लड़कियां उपस्थित थी जिन्होंने इस दौड़ में भाग लिया तथा यह बताया कि महिलाएं भी आज किसी क्षेत्र में कम नहीं है और वह अपने फिटनेस के प्रति जागरूक हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीरज सिंह कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि कुमार विजय, कनक श्री, विकास कुमार सिंह, कुंदन राज सिंह, विनीत गौतम इत्यादि उपस्थित थे। इस अवसर पर क्रिकेट के कोच कुमार विजय उपस्थित थे तथा उन्होंने बताया कि आज हर क्षेत्र में लड़कियां भाग ले रही हैं तथा अपना स्थिति दर्ज कर रही हैं प्रयास की कोशिश बदलाव के सचिव कुमार मंगलम ने बताया कि महिला दिवस महिलाओं के कार्यों को एक सम्मान देने के लिए मनाया जाता है और उन्होंने ट ईं१३ पोर्टल के बारे में बताया कि सभी युवाओं को इस पर रजिस्टर करना चाहिए ताकि भारत सरकार द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले ट्रेनिंग और सुविधाओं का लाभ उठा सके। इस फिटनेस दौड़ मे प्रथम स्थान पर प्रिया कुमारी, द्वितीय स्थान पर पुतुल कुमारी तथा तृतीय स्थान पर नेहा कुमारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर अनुराधा, कुमकुम, लक्ष्मी, प्रियांशी, राधा निधि पूजा अनुराधा उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रयास "एक कोशिश बदलाव के "सदस्य कुमार आशुतोष, निशांत नमन, शशांक पांडे, उपस्थित रहे।

## स्कूल में सेंधमारी कर चार पंखा की चोरी

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड के जयश्री पंचायत के राजकीय बुनियादी विद्यालय जयश्री में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने स्कूल के दिवाल में सेंधमारी कर चार पंखा की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी के घटना कि जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक सलिल कुमार को तब हुई जब स्कूल के कमरे का दरवाजा खोला गया। बताया गया कि वर्ग 8 व 6 के कमरे में स्कूल के पीछे से सेंध मारकर पंखा की चोरी कर ली गयी है। वर्ग 8 के कमरे से दो पंखा व वर्ग 6 के कमरे से दो पंखा की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी है। काराकाट थाना में चोरी की गयी पंखा का अभी कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि स्कूल में चोरी गयी पंखे पर स्कूल से कोई आवेदन नहीं आया है। आवेदन मिलते ही अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जब की विद्यालय में रात्रि गार्ड की व्यवस्था है।

## ब्रेकर से अनियंत्रित होकर बाइक सवार हुआ जख्मी

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत स्टेट हाईवे 81 मुख्य पथ पर कछवां थाना क्षेत्र के दनवार पेट्रोल पंप के समीप डिहरी निवासी राजेश कुमार ब्रेकर से अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर घायल हो गए। जिन्हें तुरंत कछवां पुलिस के द्वारा प्राथमिकी उपचार कराते हुए बेहतर इलाज हेतु नासरीगंज भेजा गया। पुलिस के त्वरित कार्रवाई से सभी ग्रामीण खुशी व्यक्त किए। पुलिस के द्वारा सभी ग्रामीणों से सफर के दौरान हेलमेट पहन कर एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी।

## अमित शाह के रैली मे हजारों की संख्या कार्यकर्ता पहुंचे पालीगंज

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। पटना पालीगंज कृषि मैदान मे पिछडा अति पिछडा महासम्मेलन मे शामिल होने के लिए भोजपुर जिला से भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, विधानपार्षद जीवन कुमार, तरारी के पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी, शाहपुर से भाजपा नेता भुवर ओझा, संदेश से रामदिनेश यादव, मीरा यादव, कौशल यादव जगदीशपुर से सुषुमलता, के नेतृत्व मे सैकड़ों विभिन्न गाड़ियों से हजारों हजार की संख्या मे गृह मंत्री अमित शाह को सुनने के लिए पालीगंज पहुंचे। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सेकड़ो गाड़ियों के काफिले को भाजपा का झंडा दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पटना के पालीगंज मे अमित शाह के पिछडा अतिपिछड़ा महासम्मेलन मे आने पर गजब का उत्साह है देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सबका साथ सबका विकास के साथ विकास हो रहा है। आज बिहार ही नही देश भर के पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्ग मोदी जी के साथ है और 2024 मे इसी समाज के बदौलत एनडीए का 400 पार सीट आएगा और मोदी जी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि भोजपुर जिला से भाजपा कार्यकताओं सहित आम जनता मे भाजपा, मोदी और शाह के प्रति इतना प्रेम है कि वे स्वतः पिछड़ा, अतिपिछड़ा सम्मेलन मे शामिल होने के लिए बहुत अधिक संख्या मे पहुंचे। आज पिछडा-अति पिछड़ा का नेता केवल मोदी जी है। बिहार के कथित पिछडो. का नेता केवल उनको ठगने का काम करते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सभी का सर्वमान्य नेता है।

सम्मेलन मे द. बिहार क्षेत्रीय सह संयोजक मिथिलेश कुशवाहा, हरेन्द्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, प्रेम पंकज ललन, वंदना राजवंशी, नरेन्द्र तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, संजय सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रितुराज, विभु जैन, ममता सिंह सहित सभी भाजपा पदाधिकारी, नेतागण और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एतिहासिक होगी ट्रैक्टर रैली : मनोज कुमार सिंह



आरा। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पिछले 12 फरवरी से पुरे देश में चल रहे ग्राम परिक्रमा यात्रा का दस मार्च को समापन होना है भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पिछले एक महिने से प्रदेश के सभी जिलों में के ग्राम परिक्रमा यात्रा रथ पहुचा हैजिस गाँव में रथ पहुचती थी उस गाँव में सबसे पहले गौ माता एवं कृषि यंत्रों की पुजन होती थी तत्पश्चात किसान मोर्चा के नेता कार्यकर्ता गाँव में घर घर जाकर पिछले दस सालों में मोदी सरकार के द्वारा किये गए किसान हितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती थी प्रदेश के हजारों गावों में किसान चौपाल लगाकर मोदी सरकार किसानों के हित में और क्या कर सकती है, इसके लिए सुझाव भी मांगी गई इनके सुझावों को मोदी सरकार के अगले कार्यकाल में शामिल भी करेगीउन्होंने बताया कि दस मार्च को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में समापन समारोह के अवसर पर ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगीपार्टी ने उन्हें भोजपुर जिले आयोजित समापन समारोह में शामिल होने का निर्देश दिया है जिले के किसान मोर्चा के अध्यक्ष विद्या सागर पांडे के अगुवाई में सैकड़ों ट्रैक्टरों की रैली निकाली जाएगीउन्होंने ने कहा कि आरा की ट्रैक्टरों रैली एतिहासिक होगीरैली जीरो माइल से शुरू हो कर रमना तक जाएगी।

## 7 मार्च को होगी आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास

आरा। जिले के कोइलवर प्रखण्ड स्थित धण्डीहा में आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के नए भवन का शिलान्यास आगामी 7 मार्च को किया जायेगा। वर्ष 2009 से संचालित आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का भवन निर्माण का शिलान्यास धण्डीहा में 7 मार्च को जिले के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर के.एन सिन्हा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के कर कमलो द्वारा किया जायेगा। भूमि पूजन स्थल के समीक्षा और निरीक्षण के दौरान आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के फाउंडर डॉ पी. पुष्कर ने बताया की प्राकृतिक वातावरण और सोन नदी के तट पर बसा धण्डीहा गांव प्राकृतिक चिकित्सा के लिए वरदान सिद्ध होगा।

## पूर्व मंत्री शेरे बिहार रामलखन सिंह यादव के मनाया जयंती समारोह

आरा। अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया अध्यक्षता में भारत सरकार के पूर्व मंत्री शेरे बिहार रामलखन सिंह यादव के जयंती समारोह शहीद अकली देवी नगर में मनाया गया। संचालन प्रो विजय सिंह मुखिया ने किया। समारोह के उद्घाटन डॉ रघुबर चन्द्रवँशी ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने सम्बोधन में डॉ विजय सिंह मुखिया ने कहा कि रामलखन सिंह यादव समाजवाद के प्रखर प्रहरी और आजादीके अग्रदूत थे। उन्होंने बहुत कम उम्र में महात्मा गांधी के आह्वान पर आजादी के लड़ाई में कूद पड़े थे।

## आज होगा नवोदय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। पिछले 30 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहे नवोदय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का एकदिवसीय दिवारात्रि टूनार्मेट आज प्रखण्ड के चांदी थाना क्षेत्र के नरही में आयोजित किया जाएगा। क्वार्टर फाइनल से शुरू हो रहे नॉकआउट मुकाबले में भोजपुर की आठ टीमें भाग ले रही हैं। हर साल की तरह इस साल भी आयोजित होने वाले टूनार्मेट के आयोजन समिति सदस्य नवीन सिंह ने बताया कि इस बार का आयोजन पूर्व खिलाड़ी स्व रत्नेश सिंह की याद में स्व रत्नेश सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के नाम से चांदी थाना के सामने स्थित मैदान पर आयोजित की जाएगी।

सुबह के 10 बजे से उद्घाटन मैच से शुरू हो रहा कार्यक्रम रात को फाइनल मुकाबले के साथ सम्पन्न होगा। प्रतियोगिता में महाराजा कॉलेज, पकड़ी, लौहर, बड़हरा एकौना, नारायणपुर, पियनिया, अखगांव और धर्मपुर की टीमें शामिल होंगी। फाइनल मुकाबले के दौरान बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, उद्योगपति अजय सिंह, चर्चित पत्रकार भीम सिंह भवेश समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

## सांसद के प्रयास से राष्ट्रीय बीज निगम का बीज उत्पादन केन्द्र चांद का अनुबंध बढ़ाया

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। सांसद छेदी पासवान के प्रयास से कैमूर जिले में किसानों के लिए वरदान राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद का अनुबंध आगे बढाए जाने से किसानों में खुशी है। 15 दिसंबर को राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र का अनुबंध समाप्त हो जाने के बाद बीज ग्रोवर किसानों में निराश व्याप्त थी। कैमूर के सैकड़ों बीज ग्रोवर किसानों के सामने उत्पादित बीज को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद को निजीकरण किए जाने के प्रयास हो रहा था। बीज उत्पादन की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को दिया जा रहा था। किसानों को एनएससी के बीज उत्पादन केन्द्र को निजीकरण होने से किसानों को बहुत नुक्सान होने की संभावना थी। उत्पादन केन्द्र निजीकरण से बीज उत्पादन के गुणवत्ता मानकों में समझौता होने की पुरी संभावना थी। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष ने सांसद छेदी पासवान को पत्र देकर किसानों की समस्या दूर करने की मांग की। किसानों की समस्या को देखते हुए सांसद छेदी पासवान ने पहल किया। सांसद ने कृषि मंत्री एवं एन एससी के मुख्य कार्यालय नई दिल्ली को पत्र देकर बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद में रहने देने की मांग की। सांसद छेदी पासवान के पत्र के बाद राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद का अनुबंध आगे बढ़ा दिया गया। राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद में कार्य करने की सीमा आगे बढाए जाने की खबर मिलते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसानों ने सांसद का आभार व्यक्त किया। कैमूर जिले में सैकड़ों किसान राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र से अनुबंध कर बीज उत्पादन करते हैं। किसानों को राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र से धान गेहूं मसुर सरसों चना आदि फसलों की उचित क्वालिटी की बीज मिलता है। बीज से उत्पादित प्रमाणित बीज राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र को बिक्री कर अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं। किसान संजय सिंह चांद विकी सिंह भेरी अमित कुमार रंजन वयरी गोपाल सिंह केकड़ा संतोष कुमार भेरी आदि किसानों ने कहा राष्ट्रीय बीज निगम बीज उत्पादन केन्द्र अवरैया चांद से किसानों को अच्छी गुणवत्ता मानकों के अनुसार बीज मिलता है और किसानों को लाखों रूपए का फायदा होता है। किसानों ने सांसद छेदी पासवान की पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

## अंतर राज्यीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में बक्सर की रिया रही विजेता, पुरुष पहलवान रहे बराबरी पर

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। भगवानपुर थाना क्षेत्र के पहाड़िया गांव में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में अंतर राज्यीय महिला एवं पुरुष का विराट दंगल का आयोजन किया गया था। वही इस दंगल के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य वकील यादव के द्वारा उद्घाटन किया गया। जहां महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अखाड़े में एक दूसरे आपस में दावा पेश लगाकर कल का प्रदर्शन किया है।

जहां महिला पहलवान में लखनऊ की शालू एवं बक्सर रिया के द्वारा दोनों का अखाड़ा में कुश्ती प्रतियोगिता गया गया। जिसमें बक्सर रिया ने शालू को अखाड़े में पराजित कर विजेता रही है। वहीं पुरुष में पहाड़िया के नीरज यादव एवं यूपी के नौबतपुर के वीरेंद्र यादव के बीच दोनों में अखाड़ा में कुश्ती प्रतियोगिता कराया गया।

जहां बिरेंद्र यादव एवं नीरज यादव कुश्ती के दौरान दोनों बराबरी पर रहा है। जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष वकील यादव ने कहा कि मां मुंडेश्वरी के गोद में बसे पहाड़िया गांव हमेशा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कर गांव में कराता रहता है जो पहलवानों की धरती से यह गांव जाना जाता है। वही दंगल समिति के सदस्य दरोगा सिंह यादव ने बताया कि लगातार 3 वर्षो से महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में विराट दंगल का आयोजन होता है जहां अंतर राज्यीय महिला एवं पुरुष पहलवान लड़ने के लिए पहाड़िया गांव में आते हैं और अपनी कला को प्रदर्शन करते हैं। आज के युवा युवतियों को भी संदेश है कि पढ़ाई के साथ-साथ कुश्ती प्रतियोगिता में भी भाग ले।

क्योंकि छोटे-छोटे गांव से ही राष्ट्रीय स्तर पर पहलवानी कर अपने देश का नाम रोशन करते हैं। इसलिए पढ़ाई के साथ कुश्ती प्रतियोगिता में भी भाग लेना अनिवार्य है। इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। मौके पर डॉ योगेश्वर यादव बहादुर सिंह दुमदुम पंचायत के मुखिया इस्लाम खान अशोक सिंह पटेल पूर्व मुखिया योगेंद्र यादव डॉक्टर नरसिंह यादव पहलवानों में प्रमोद पहलवान संतु यादव श्रीधर यादव बीरबल यादव महेंद्र यादव एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित ट्रक ने सड़क के किनारे लगा कार में मारा टक्कर, तीन युवक जख्मी

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास)। थाना क्षेत्र के जोरावरपुर गोला के पास नासरीगंज बिक्रमगंज 120 मुख्य मार्ग पर सीमेंट लदा अनियंत्रित ट्रक जेएच 02 जे 6005 ने सड़क के किनारे खड़ी बैगनार कार में जोरदार टक्कर मारा दिया। जिसमे सड़क के रास्ते से आ रहे तीन युवक बुरी तरह जख्मी हो गये। तीनों जख़्मी युवको का इलाज ईंटम्हां में एक निजी क्लिनिक में इलाज जारी है। जख्मी युवक जोरावरपुर गांव निवासी 20 वर्षीय विशाल गुप्ता पिता अनिल साव, 21 वर्षीय सौरभ गुप्ता पिता अजय साव, 17 वर्षीय शिवम श्रीवास्तव पिता स्व. सूर्यबली श्रीवास्तव बताया जाता है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि नासरीगंज की तरफ से सीमेंट लदा छः चक्का तेज रफ्तार से आ रहा था। जोरावरपुर अड्डा के पास बैगनार कार सड़क के किनारे खड़ा था। कार में अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मारा दिया जहां सड़क के रास्ते से आ रहे तीन युवक में भी धक्का मार दिया। गनीमत ये थी कि कार के आगे पेड़ था। उक्त जख्मी युवकों को ग्रामीणों ने आनन- फानन में ईंटम्हां के निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती किया। जहां तीनों जख्मी युवको की स्थिति नाजुक बताई जाती है। इधर ट्रक ने टक्कर मारकर फरार होने की कोशिश की लेकिन घटना स्थल से आधा किमी की दूरी पर कांध बहुआरा के पास पहुंचा तो चाट में सीमेंट लदा ट्रक भी पलट गया। घटना के बाद पुलिस को खबर मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जायजा लिया तथा ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## किराना दुकान व जेनरल स्टोर में लगी आग लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ राख

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास): काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयश्री गांव निवासी संजय साह पिता रामचंद्र साह के गुड़िया किराना जेनरल स्टोर व श्रृंगार दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ खाक। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों का पसीना छूट गया। घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों ने काफी अथक प्रयास किया, लेकिन आग की चपेट में आने से करीब चार से पांच लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान संचालक ने बताया कि इस घटना की सूचना स्थानीय मुखिया अभिभावक सह सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सिंह एवं काराकाट थानाध्यक्ष को दिया गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी अपने पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जायजा लिया। साथ ही साथ मुखिया प्रतिनिधि रितेश सिंह भी घटना स्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग वरीय अधिकारियों से किया। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार काफी सदमें में है। पीड़ित दुकानदार ने कहा कि घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है।

